14.22 hrs.

Title: Further discussion on the Finance Bill, 2003. (Continued − Not concluded).

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up item no. 11, that is, the discussion on the Finance Bill. Shri Sangtam was on his legs. He may continue his speech now.

SHRI K.A. SANGTAM (NAGALAND): Mr. Deputy-Speaker, Sir, yesterday I had raised a very important matter concerning the Finance Bill, 2003, but the House had to be adjourned because of some important reason. However, I was mentioning about tax holiday given to the North-East for 10 years and excise duty exemption given to the industrialists in the North-East and those entrepreneurs who had set up their industries in the North-East. Due to various factors, the North-East is very backward and its economy is still at a low ebb. Therefore, the Government of India has been announcing package after package for the North-East, but because of the flip-flop policy of the Government of India, a wrong message has gone to the industrialists.

Sir, the solution lies in the plucking of holes in the policy of implementation rather than scrapping the policy or tampering it on a monthly basis and issuing nine notifications within a period of 1 ½ years. This process has conveyed a message of one step forward and two steps backward. In this regard, the Government of Assam, the Government of Tripura as well as the Members of Parliament of the North-East have represented to the Prime Minister of India and the Finance Minister for continuation of tax holiday for the North-East as well as exemption of excise duty.

I personally feel that there should be a big publicity campaign launched by the appropriate ministry of the Government of India about the nicotine content and any other intoxicating substance contained in the tobacco products like cigarette, *gutka, pan masala* etc. to spread the message to the people that these things are not good for human consumption. However, the crux of the matter here is not what my opinion is, but the very important matter is that the entire North-East is reeling under tremendous economic problems and we have to provide better jobs to the

people and bring industrial development to the North-East. In this regard, we have to drew two definite lines. There are cigarette companies which, after making finished products, bring them into the North-East and try to get the excise duty concession which is given by the Government of India. Similarly, the companies which have already established their factories and are manufacturing products in the North-East and are giving gainful employment to the people should be given the benefits of tax holiday and excise duty exemption.

Unless we identify these, it will not help, and just giving a blanket ban on this is not fair on the part of the Government of India.

I would like to bring to the notice of the House a notification issued under the Central Excise Act. It states:

> **"The notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Finance (Department of Revenue) Nos. G.S.R.508(E), dated the 8th July, 1999 and G.S.R. 509(E), dated 8th July, 1999 issued under sub-section (1) of section 5A of the Central Excise Act read with sub-section (3) of section 3 of the Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Act, 1957 and sub-section (3) of section 3 of Additional Duties of Excise (Textile and Textile Articles) Act, 1978, by the Central Government shall stand amended and shall be deemed to have been amended in the manner as date specified in column (4) of that Schedule retrospectively and accordingly, not withstanding anything contained in any judgement, decree or order of any court, tribunal or other authority, any action taken or anything done or purported to have been done for all purposes, as validity and effectively taken or done as if the notifications as amended by this sub-section had been in force at all material times."**

The proposed amendment has cast serious doubts on the minds of investors and people of North East Region towards the flip-flop policy and credibility of the Government of India. This deterrent action will prevent all industries, who have planned or already moved to North East from future investments. People will lose faith in the Government machinery and the secessionist forces will find a better environment to breed. If not arrested, the Parliament, one of the world's largest

democracy, would send signals of a wrong public policy as the genesis of sound democratic system lies on the faith and trust on the Governmental words and action.

All those who have resorted to misuse and exploitation of policy for North- East should be blacklisted and proceeded as per law for offences committed by them. The Industry Policy for North Eastern Region should not be tampered with by any of the Ministries in the larger interest of unity, integrity, peace and harmony of this country.

Sir, the Special Leave Petition of the Government is pending in the Court. This is done ignoring the repeated persuasion of the Government of Assam to honour the judgement and bring back the confidence of investors at least now. May I state, if Government pleads before the Court that the Government is not bound either morally or legally to give benefits of tax exemptions under Industrial Policy for ten years and they have a right to grant the same and withdraw the same anytime notwithstanding the kind pronouncement of the hon. Prime Minister, made by the Department of Industrial Policy and the series of notifications of Ministry of Finance, it would be far cry to accept flow of any investment in North East for industrial development? Such a legalistic approach is uncalled for while talking of development of North East. This holds

good for Industrial Policies and Incentive Schemes announced for States like Jammu & Kashmir, Uttaranchal, Himachal Pradesh, etc.

Sir, on the 18th of April, 2003, Dr. C.P. Thakur, the Minister in charge of North East Development has written a letter to the Finance Minister explaining the concerns of the industrialists of the North East and also expressing the sentiments of the people of North East. I would like to quote his letter:

> **"For the misuse of the benefits by some of the units and for administrative failure, the genuine entrepreneurs who had genuinely invested their hard earned money in the North East region in spite of the then prevailing insurgent conditions should not be made to suffer due to the blanket withdrawal of the benefits. The investment decisions by the entrepreneurs are made by factoring in all the benefits available over a span of the policy package announced. If**
>
> **the benefits are withdrawn before the completion of the period of the package, the entrepreneurs will be left with nothing but sinking their entire investment. It will lead to the closure of units, which would mean stoppage of income and employment generation in the North Eastern Region."**

Sir, there have been several pronouncements even earlier than that, even with regard to the refineries of Bongaigaon, Digboi and Numaligarh. In the case of Numaligarh also, the Government has announced that there will be 100 per cent excise exemption but again it went back to 50 per cent, and matters like that. Then, 10 per cent fund has been kept there for infrastructural development for the North-East. You take out 10 per cent from each budgeted account of the Ministries and Departments. Today, it is not being done properly. Therefore, the message which goes down to the people of the North-East is not very sound today.

Sir, an important thing which the Prime Minister used to say about the North-East is this. In Hindi I will say दिल्ली से नॉर्थ ईस्ट बहुत दूर है, लेकिन हमारे दिल में हमेशा रहता है। But, this has not turned out to be true because many times, the Prime Minister says many things but the Departments and the Ministries connected to his Government is going back from the commitments made by him. So, I think giving this kind of a message to the people, not only of the North-East, but also of the entire country, and those people who want to invest in the North-East is not good. I think, giving a false promise is not a very sound thing in this country. People who are wanting to secede from this country, especially the people from the North-East, they do not think very very good about this. The hon. Finance Minister is a very honourable person. I have had two or three occasions to speak to him. Whenever I used to speak to him about certain problem he used to quickly react. Today, I am sure, you will listen to our pleas. Whatever you have given to the people, the tax holidays for 10 years, and exemption of excise duty for the benefit of the industrialists and entrepreneurs will bring out economy and boom the incomes of the people. I am sure it will go a long way in bringing the integrity

of this country. I am sure with a person like you, and the Finance Minister taking up all those issues, will make a big headway for the people of the North-East.

With these few words, I would like to thank you.

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे (चिमूर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं वित्तीय वर्ा 2003-3004 के लिए केन्द्रीय सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाने वाले विधेयक के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मुझे वित्त मंत्री श्री जसवन्त सिंह जी का अभिनन्दन करना है क्योंकि उन्होंने वित्त मंत्रालय संभालने के तुरन्त बाद बहुत सारी योजनाएं अमल में लाने की कोशिश की है। मुझे इस सदन का भी अभिनन्दन करना है क्योंकि यहां अनुकूल और प्रतिकूल पक्षों और इतनी बड़ी संख्या में पार्टियों के होने के बावजूद, सारे सांसद, भाईचारे के नाते, मिलजुल कर काम कर रहे हैं और विधेयक पास कर रहे हैं। इसका भी मुझे बड़ा सन्तोा है।

महोदय, वर्ा 1999 में, जिस वक्त एन.डी.ए. सरकार ने सत्ता संभाली, उस समय भारत की क्या दशा थी, इसकी जानकारी मुझे सदन को देनी है। उस समय बेरोजगारी बहुत बढ़ गई थी। सुशिक्षित बेरोजगार युवक धक्के खाते फिर रहे थे। पूरे भारत में सात करोड़ से ज्यादा सुशिक्षित बेकार लोग थे। अकेले महाराट्र में 40-50 लाख सुशिक्षित बेरोजगार थे। महंगाई इतनी बढ़ गई थी कि गरीबों की कमर टूट गई थी। विदेशी कर्जा इतना बढ़ गया था कि 6 लाख करोड़ रुपए का विदेश कर्ज उस वक्त भारत पर था जिसके 16 हजार करोड़ रुपए ब्याज के देने पड़ते थे।

उपाध्यक्ष महोदय, सुशिक्षित बेरोजगारों के लिए एनडीए सरकार ने कम से कम 10,000 रुपए से 20 लाख रुपए तक की सुविधा दी है, जिससे वे रोजगार कर सकें। ऐसे ही जो लघु उद्योग करना चाहते हैं, उनके लिए 12 प्रतिशत की रियायत दी है और जो एक करोड़ की मर्यादा थी, वह पांच कोटि तक ले गए है। अगर पांच कोटि तक का लघु उद्योग करना है तो उन पर इनकम टैक्स नहीं लगता। सबसे बड़ी बात एनडीए सरकार ने यह की है कि किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना बनाई है।

उपाध्यक्ष महोदय, एक जमाना वह था कि किसान जब साहूकार, पुराने पटेल और जमींदार से एक-दो या पांच हजार रुपए मांगने के लिए जाते थे तो उन्हें अपना मकान या खेती गिरवी रखनी पड़ती थी और कई बार वे लोग इसे हड़प भी लेते थे। किसानों की ऐसी हालत को देखते हुए वाजपेयी जी, एनडीए की सरकार ने सचमुच बहुत बड़ा किसानों पर एहसान किया है। आज अगर किसान बैंक से लोन लें तो उसके नाम से 50 प्रतिशत लोन सैंक्शन होता है। वह जितना लोन लेता है उसी पर उसे ब्याज भरना पड़ता है। यह उसके लिए बहुत बड़ा फायदा है। एनडीए सरकार ने अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के लिए 12 योजनाएं बनाई हैं। महिलाओं के लिए नौ योजनाएं हैं, सुशिक्षित बेरोजगारों के लिए पांच और पंथ प्रधान योजना में जो एक लाख रुपए की मर्यादा थी, उसे दो लाख किया है। उससे उन्हें बहुत बड़ा फायदा हुआ है और इससे बेकारी का निवारण हुआ है। किसानों के लिए नौ, मजदूरों के लिए पांच, ऐसी कुल मिला कर 22 योजनाएं हैं। मेरी जानकारी के

अनुसार सौ से ऊपर योजनाएं एनडीए सरकार ने बनाई हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि जो बीपीएल की लिस्ट बनती है वह ग्रामसभा बनाती है और उनके द्वारा बनाने से वह स्थानीय प्राकरण के कारण असली नहीं होती है तथा उसका फायदा किसानों, मजदूरों और छोटे आदमियों तक नहीं पहुंच पाता, यह बहुत बड़ी दिक्कत है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे एक-दो सुझाव और हैं। राज्य सरकार जब शराब की दुकानें देती हैं, वे दुकानें वह सोसायटी को नहीं देती है। मेरा सुझाव है कि अगर केन्द्र सरकार राज्य सरकार को यह सूचना देती है कि अगर इसी तरह आपने दुकान दी और उसका कुछ हिस्सा केन्द्र दे तो राज्य सरकार और केन्द्र दोनों का फायदा हो सकता है। मेरा ख्याल है कि इससे अरबों रुपए का फायदा हो सकता है और इससे वित्त भी बढ़ सकता है। महाराट्र में एक रुपए की लीज़ पर ऐसी कई जगह सालों के लिए दी गई हैं। अगर एक रुपए में न देते हुए मार्केट के भाव से देंगे तो भी अरबों रुपए का फायदा हो सकता है। बड़े-बड़े कारखानों की तरफ जो कर्जा है, उसे वसूल किया। एनडीए सरकार ने यह वसूली का विधेयक बनाया और वे वसूली कर रहे हैं। उसी वसूली में से आज सुशिक्षित बेरोजगारों को, किसान और मजदूरों को रियायत दे रहे हैं। मेरा एक सुझाव यह भी है कि कर्मचारी और अधिकारी का काम देख कर उन्हें पगार देनी चाहिए, कम्प्युटर के जरिए कौन कितना कम कर रहा है।

कुछ अधिकारी और कर्मचारी सचमुच बहुत बड़ा काम करते हैं, लेकिन मुआवजा उतने परिमाण में नहीं मिलता और जो लोग काम नहीं करते, उनको मिलता है, इसलिए जो काम करते हैं, उनको ज्यादा पैसा देना चाहिए। ऐसी व्यवस्था अगर आपने कम्प्यूटर के जरिये की तो बहुत बड़ा खर्च बच सकता है। ऐसे कई सरकारी कार्यालय हैं, जिन कार्यालयों में काम नहीं होता, जो बन्द पड़े हैं, लेकिन बजट में उनके भी कुछ प्रोवीजन किया जाता है। अगर ऐसे कार्यालय बन्द किये गये तो अरबों रुपये बच सकते हैं और महसूल बढ़ सकता है।

मेरा एक और सुझाव है। सरकारी नौकरियां एक कुटुम्ब में कुटुम्ब प्रमुख को, उसके बेटे, बेटी, पत्नी और बहू को मिलती है और एक फैमिली में 10-10 नौकरियां हैं। अगर एक कुटुम्ब में एक नौकरी कर दें तो बहुत बड़ी तादाद में बेकारी की समस्या हल हो सकती है, इसलिए मेरा एक सुझाव है कि एक कुटुम्ब में एक नौकरी अगर कर दी तो बहुत अच्छा रहेगा।

देश में काला पैसा बहुत पड़ा है। अगर काले पैसे को निकाल दिया जाये तो भी महसूल बढ़ सकता है। इसी तरह से हमारे देश में मंदिर और मस्जिद बहुत हैं। मंदिरों और मस्जिदों में गुप्तदान के नाम पर पैसा दिया जाता है। अगर उस गुप्त दान में कुछ पैसा कानून के अनुसार राट्रीय कोा में जमा करें तो वह पैसा भी बढ़ सकता है। जैसे तिरुपति बालाजी में अरबों रुपया पड़ा है। ऐसे और भी कई मंदिर हैं। मेरा सुझाव है कि वह पैसा कानून के अनुसार निकालकर राट्रीय कोा में जमा किया जाये। सारे के सारे पैसे की उनके लिए कोई जरूरत नहीं है। अगर उसे राट्रीय कोा में लगायें तो महसूल बढ़ सकता है।

इसी तरह से वेतन के बारे में मुझे सुझाव देना है। एक तरफ इंडियन एयरलाइंस के पायलट की तनख्वाह तीन लाख से छः लाख रुपये महीना है और भारतर्वा में जो स्वास्थ्य रक्षक योजना है, उसे एक महीने में 50 रुपये दिये जाते हैं। कहां छः लाख रुपये महीना और कहां 50 रुपये महीना, यह कितने शर्म की बात है। इस विाय में बोलना अच्छा नहीं लगता, लेकिन हालात ऐसे हैं कि बोलना पड़ता है, इसलिए इतनी बड़ा तनख्वाह को निकाल दिया जाये। मेरा सुझाव है कि भारत का जो किसान है, उसका एक बार पूरा नहीं तो कम से कम 50 हजार रुपये तक के कर्जे माफ करने चाहिए। पिछली बार मैंने बोला था तो वित्त मंत्री ने 50 हजार रुपये तक का अकाल की अवस्था में सिर्फ ब्याज माफ किया, लेकिन उसके भी निर्देश अभी तक जारी नहीं हुए। इसलिए छोटे, मझोले और बड़े का अन्तर न रहे, सारे किसानों का कम से कम 50 हजार रुपये के ब्याज सहित कर्जे माफ करने चाहिए। यह क्यों करना चाहिए, मैं आपके इसके लिए कुछ आंकड़े देता हूं। महाराट्र में 773 कारखाने ऐसे हैं, जिनके ऊपर 10 से 20 करोड़ रुपये बाकी हैं, ऐसे 28 हजार करोड़ रुपये अकेले महाराट्र में हैं। भारतीय लोगों के 43 लाख करोड़ रुपये स्विस बैंक में पड़े हैं, जिनमें से कुछ भारतीय मर भी गये हैं। इसलिए जितना भी यह पैसा है, इसे राट्रीय कोा में जमा करना चाहिए। अगर ऐसा कानून बनायें तो उससे भी महसूल बढ़ सकता है। 31 दिसम्बर, 1999 के अनुसार हर्षद मेहता की तरफ 2423 करोड़ रुपये, हितेन दलाल की तरफ 1403 करोड़ रुपये और नौ व्यक्तियों की तरफ 9727 करोड़ रुपये बाकी थे। इतना रुपया डूबत खाते में है। इसी तरह फिल्म क्षेत्र के लोग भी हैं, जिनके ऊपर करोड़ों रुपये बाकी हैं। बैंकों का 60 हजार करोड़ रुपया डूबत खाते में है। यह राशि अगर लघु क्षेत्र, पी.एम.आर.वाई., मध्यम और बड़े सभी क्षेत्रों को मिलाकर है।

उपाध्यक्ष महोदय, देश ने जो कर्ज ले रखा है, उसका ब्याज ही हर साल एक लाख एक हजार करोड़ रुपये अदा करना पड़ता है। स्टेट पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज की कंपनियां विभिन्न राज्यों में हैं। उन्हें सबसिडी दी जाती है लेकिन वे पूर्णतः घाटे में चल रही हैं। ऐसी 11 कंपनियां का इन्वेस्टमैंट एक लाख दस हजार करोड़ रुपये है जबकि घाटा 14,881 करोड़ रुपये है। 31 मार्च 2002 तक की स्थिति के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्रों के 27 बैंकों और 4 विकास वित्तीय संस्था की सकल अनुपयोज्य आस्तियां 77,830 करोड़

रुपये की है। जब कंपनियों की तरफ, कारखानों की तरफ हम करोड़ों अरबों रूपया छोड़ सकते हैं, डूबित खाता में डाल सकते हैं तो किसानों की तरफ जो 50 हजार करोड़ रुपये का कर्जा है जो कि सिर्फ 6,

501 करोड़ रुपये है, उसे अगर आप माफ करेंगे तो मैं कहना चाहता हूं कि एन.डी.ए. सरकार को क्या पूरे सदन को किसान लोग देवता मानेंगे। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि उनका यह कर्ज माफ किया जाये।

मुझे बहुत अफसोस है कि "मिड डे" के दिल्ली वर्तमान पत्र के 31 मार्च 2002 को अनुसार 110 हजार करोड़ रुपये लाक्ड अप किये गये, स्टॉप किये गये। मैं कहना चाहता हूं कि यह क्या चल रहा है ? गरीबी हटाओ के नाम पर पिछले 50 साल में क्या चल रहा है ? हम गरीब क्यों हैं ? यह न तो देवी देवताओं का श्राप है और न पूर्व जन्म का पाप है। यह तो गये 50 साल की गलत नीतियों का प्रताप है। आपको इसका जरा ख्याल करना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : आपकी चार साल की गलत नीतियों का परिणाम क्या है, उसका भी आप आकलन कीजिए। आपने कंपनियां बेच खाई हैं। कई कंपनियां कौडियों के दाम बेची गयीं। आप जरा उसका भी आकलन कीजिए। â€¦ (व्यवधान)

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे : मुझे और कुछ नहीं कहना। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि कंपनियों का, कारखानेदारों का जो रूपया गरीबी हटाओ के नाम पर माफ किया गया या डूबित खाते में डाला गया, अनुपयोज्य आस्तियां कहकर डिक्लेयर किया गया वैसे ही किसानों का 50 हजार करोड़ रुपया माफ करने में ऐसी कौन सी दिक्कत है।

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप समाप्त करिये।

...(व्यवधान)

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे : मैं आपसे विनती करना चाहता हूं कि अगर मंत्री जी इस ओर ध्यान देंगे तो पूरे भारत के किसान और मजदूर आपको बहुत दुआ देंगे।

श्री राज बब्बर (आगरा) : â€¦ (व्यवधान) कम से कम दिल की बात तो करनी चाहिए। â€¦ (व्यवधान) कभी अपने घरवालों से पूछिये कि उनके दिल को कितनी

शांति मिली है।â€¦ (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : राज बब्बर जी, आप इस तरफ देखकर बोलिये।

...(व्यवधान)

श्री राज बब्बर : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा दुख हुआ और खुशी भी हुई कि कम से कम इस सदन के कुछ लोगों ने मुझे अभिनेता तो माना। आने वाले कल में वे मुझे सर्वश्रेठ अभिनेता का अवार्ड भी दिलवा देंगे। â€¦ (व्यवधान) दरअसल मैं इस फाइनेंस बिल का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं इस बिल को इस देश की सामाजिक, भौगोलिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बिलकुल उलटा मानता हूं। मेरा अभिप्राय आदरणीय जसवंत सिंह जी के ऊपर किसी प्रकार की कोई टिप्पणी करने का नहीं है। लेकिन यह सच है कि यह इशारा चंद उन लोगों की तरफ है जो उनके चारों तरफ हैं और जो अपने डेजीगनेशन के तहत, यह इशारा उनके तहत है जो ड्यूटी बाउंड हैं।

जिन्होंने केवल बैलैंस शीट की जिम्मेदारी को समझते हुए सामाजिक जिम्मेदारी को पीछे आंका है। आज इस बिल के लिए बहुत सारी प्राथमिकताएं आईं। ग्रामीण िवकास, युवा, पेयजल, लघु उद्योग, कई शहरी विकास, रोजगार और गरीबी उन्मूलन, पता नहीं किन-किन चीजों के लिए इसमें पैसा मांगा गया, हमेशा मिलता रहा है और मिल भी जाएगा। मैं जानता हूं क्योंकि यहां नम्बर के साथ देश चलता है लेकिन कहीं-कहीं दिल भी चलना चाहिए। हमारे बहुत सारे साथी उस तरफ बैठे हैं।â€¦ (व्यवधान) चलेगा, चला कर देखें ओर अपने गिरेबान में देखें, वह दिल भी मिलेगा।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज यह देश उन चंद गोरों की तरफ देख रहा है जिनका नाम डालर, पाउंड्स और मल्टी नेशनल्स है। यह बिल उन लोगों की हिमायत करता है। आज हमारे देश का कोई भी सैक्टर उठा कर देख लीजिए, उस पर धीरे-धीरे मल्टी नेशनल्स का शिकंजा होता जा रहा है। आज इस देश के खेलों को देख लीजिए। हमें अपने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देख कर बहुत खुशी होती है, हम तालियां बजाते हैं, हमारे खिलाड़ी हमें गौरव दिलाते हैं, फाइनल तक पहुंचाते हैं लेकिन क्या कभी हमने इस बात पर गौर किया है कि उन खिलाड़ियों पर नियंत्रण कौन लोग करने वाले हैं, कौन लोग कर रहे हैं और कौन लोग करेंगे - ये मल्टी नेशनल्स। हिन्दुस्तान की एक भी बड़ी कम्पनी का विज्ञापन, क्रिकेट जो दो महीने तक चलता रहा, सारा देश अपना काम-काज छोड़ कर, अपने नायकों को देखता रहा। लेकिन उन पर शिकंजा कौन कस रहा है - मल्टी नेशनल्स। आज हमारे देश के अंदर ऐग्रो इंडस्ट्रीज़, हमारा देश ऐग्रीकल्चर प्रधान है लेकिन क्या एक भी हिन्दुस्तानी बड़ी कम्पनी है जो फूड इंडस्ट्री में हो। फूड इंडस्ट्री में हिन्दुस्तान की कोई भी बड़ी कम्पनी नहीं है।â€¦ (व्यवधान) एक्शन ही तो है जो आप तक पहुंचेगा। मेरा ख्याल है मैं आप ही की बात कर रहा हूं, अपनी बात कर रहा हूं। मैं राजनीति में आपसे बहुत छोटा हूं लेकिन मैंने कम से कम आप लोगों की भाषा को समझना शुरू कर दिया है।â€¦ (व्यवधान) मुझे अच्छा लग रहा है कि कम से कम इस तरह की बातें बीच में आ रही हैं क्योंकि इनके दिल में कहीं न कहीं यह एहसास हो रहा है कि राज बब्बर की बात सुननी पड़ेगी। इस देश की ऐग्रो इंडस्टी, इस देश के खेल, इस देश की इलैक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज़, आज एक भी इंडस्ट्री अपने देश की, बड़ी िवदेशी कम्पनियों का मुकाबला नहीं कर पा रही है। इस देश की अपनी कम्पनियां धीरे-धीरे बिकती जा रही हैं। आज मल्टी नेशनल्स हम पर काबीज हो रहे हैं। और तो और, आज मेरे बहुत सारे साथी नाम लेते हुए शर्माते हैं। शामें चाहे जैसी हों। आज इस देश में शराब भी विदेशी ब्रांड से बिक रही है। उसके ऊपर आदरणीय रघुवंश प्रासाद जी ने कल बोला कि विदेशी शराब, जो विदेशी ब्रांड से बिक रही है, उसे सस्ता किया जा रहा है। तम्बाकू, मैं मानता हूं कि तम्बाकू, सिग्रेट, शराब गलत चीजें हैं, सेहत के लिए हानिकारक हैं लेकिन कहीं न कहीं हमें जरूर गौर करना चाहिए कि आज डब्ल्यू.एच.ओ. अपनी नाक के नीचे बंद करवा रहा है, मगर अमरीका की बड़ी-बड़ी कम्पनियां जिन्हें हमारा देश उन सिग्रेट बनाने वाली कम्पनियों को जगह दे रहा है, यहां उनकी कम्पनियां खुल रही हैं, विदेश की बड़ी-बड़ी सिग्रेट हिन्दुस्तान में बननी शुरू हो गई है। मैं यह नहीं कहता कि आप तम्बाकू को प्रोत्साहन दीजिए लेकिन कहीं न कहीं इस नीति में यह जरूर आना चाहिए कि हम क्या कर रहे हैं। हम बनाने वाले को रोक रहे हैं या खाने वाले को रोक रहे हैं। खाने वाले को रोकिए। चीन तम्बाकू की बहुत बड़ी मार्किट है। हमारे देश में एक बार चीन ने हमें आर्डर दिया भी लेकिन हम क्वालिटी कंट्रोल नहीं कर पाए जिसकी वजह से वह आर्डर आज छिन गया और दूसरे मुल्कों के पास चला गया।

क्यों नहीं हम ऐसा काम करते जिससे इस देश का भला हो ? मैं यह नहीं कहता हूं कि आप किस पर रोक लगाएं और किस पर रोक नहीं लगाएं और तो और कपड़ा उद्योग देखिए। बदकिस्मती इस बात की होती है कि वैट एक अजीब तरह की चीज आई है। केतन साहब इस भाषा को समझते हैं। आप भी समझते होंगे। वह व्यापारियों की वाट लगा देगा। इस वैट ने जो हालात किए हैं और वहां पर आप जो हम पर तनखियां कस रहे थे। मैं तो नहीं कहूंगा कि आप कितना चंदा लेते थे। सारी जिंदगी इन लोगों ने चंदा दिया और इतना चंदा दिया कि अब आपके लिए दीवाने हो गए और आपने उन्हें दीवाना बना दिया। अब उन दीवानों को पत्थरों से आपने मारना शुरू कर दिया। आपने ऐसे पत्थरों से मारा है कि वे श्वास भी नहीं ले पा रहे हैं। आपके यहां से मदन लाल खुराना जी ने इन्हीं के मंच पर जाकर कहना शुरू कर दिया कि कोई पत्थर से न मारे मेरे दीवाने को। आपने कोशिश की और आप प्रधान मंत्री जी के पास ले गये। अब इस बारे में क्या होगा, मैं नहीं कहता लेकिन वैट के बारे में जब सोचता हूं तो तकलीफ होती है। वैट के अंदर हर व्यापारी चाहे वह छोटा हो या बड़ा हो, उसे किन-किन जगहों पर जाना पड़ेगा और वैट की जगह पर जो माल बिकेगा, वहां पर टैक्स वसूल किया जाएगा और यह वैट जिन डिपार्टमेंटल स्टोरों की नकल पर लगाया जा रहा है, वहां के स्टोर्स एक लाख वर्ग स्केयर फिट के होते हैं और हमारे यहां के व्यापारी चार बाई चार के खोखे में अपना बिजनैस शुरू करते हैं। मैं गलत नहीं कह रहा हूं। मुम्बई की कालबा देवी देख लीजिए। चार बाई चार के खोखे हैं। कानपुर देख लीजिए, आगरा देख लीजिए, वहां की लुहार गली, हींग की मंडी, कचेरी घाट और रावतपाड़ा देख लीजिए। कितनी छोटी-छोटी दुकानों में ये लोग व्यापार करते हैं।

जो लोग हमेशा आप लोगों के लिए दीवार बनकर खड़े रहे। कम से कम उन दीवानों को पत्थर से मत मारिए। ऐसे कानून उन पर मत लादिए कि जब वे अपने परिवार वालों के साथ अपने को आपके साथ देखें तो वे उनको क्या मुंह दिखाएंगे कि इसलिए हमने सारी जिंदगी इनकी सेवा की थी। ये बातें उन डिपार्टमेंटल स्टोरों की करते हैं जहां का मुनाफा 15 से 25 प्रतिशत होता है और हमारे देश का व्यापारी 5 से 10 प्रतिशत मुनाफा कमाता है। अगर इतना मुनाफा होता तो वर्तमान में लगभग सौ से अधिक वस्तुएं कर मुक्त हैं। वैट में अब केवल 36 वस्तुएं कर मुक्त होंगी। चीनी, कपड़ा, पानी, गुड़. बीड़ी, सिगरेट, रोटी जैसी कर मुक्त वस्तुओं पर टैक्स वसूल किया जाएगा। 1957 के अंदर इसी देश ने ऐसे ही सदन में कानून बनाया था कि जो आवश्यक वस्तुएं हैं, जो सामान्य उपभोक्ता, जो आम आदमी के इस्तेमाल की चीजें हैं, उन पर कर न लगाया जाए। आप पचास साल की बात कर रहे हैं। मैं इतना ही कह सकता हूं कि पचास साल इधर हुआ, चार साल आपके हुए। गिनतियां मत करिए। यह देश गिनतियों से नहीं चलता। देश चलता है लोगों के दिल में आपके लिए जगह होने से। इसलिए मेरा किसी से कोई विरोध नहीं है। मैं इसलिए कह रहा हूं कि आप सक्षम हैं, संशोधन कीजिए। आपने बातें कही हैं। आपने संशोधन के लिए आस भी दिलाई है। आपने कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स के बारे में सोचेंगे। मैं आपको साधुवाद कहता हूं। जरूर कीजिए। उसके अंदर दर्जी है, छोटा व्यापारी है-- धागा बेचने वाला, कतरन इकट्ठी करने वाला, उनके ऊपर आप कितना बड़ा जुल्म करेंगे। वह किस तरह से कैंची चलाकर एक कमीज सीता है, वह आज के इंटरनेशनल मार्केट में बाहर के जो ब्रांड आ गये हैं, उनसे किस तरह से वह मुकाबला करता है, आपको उनके बारे में गंभीरता से सोचना पड़ेगा। आपने उनके बारे में कहा है कि आप सोचेंगे। मैं साधुवाद कहता हूं, जरूर सचिए।

आपने पॉवर लूम्स पर कहा है कि शायद कुछ होगा। कल हमारे प्रोफेसर साहब यहां से बोल रहे थे। उन्होंने बहुत अच्छा कहा कि पॉवर लूम्स किसी एक प्रदेश का नहीं है। शायद इसलिए सोचा होगा कि एक प्रदेश का होगा, आपने शायद यह सोचा होगा कि इसमें ज्यादा से ज्यादा अल्पसंख्यक हैं। उनके साथ आपका कोई मोह नहीं है, उनका अहित हो जाए। लेकिन मैं इस बारे में नहीं कहूंगा। अगर अल्पसंख्यकों के लिए किया था तो यह मत भूलिए कि मजदूर जो अल्पसंख्यक हैं। बहुत कम होगा कि अल्पसंख्यक जो मालिक होंगे, मालिक तो आप और हममे से लोग हैं।

15.00 hrs.

इसलिए अल्पसंख्यकों के अहित या हित की बात करने के बजाय आप इस देश की जो प्रणाली है, उन्नति है, उसकी तरफ देखें। आपने कपड़े के ऊपर वैट लगा दिया है। चाहे हिन्दू हो, सिख हो, ईसाई हो या मुसलमान हो, सभी को कपड़े की जरूरत है। आदमी जब पैदा होता है, तब कपड़े की जरूरत होती है और जब आदमी मरता है, तब भी कफन के लिए कपड़े की जरूरत होती है। â€¦ (व्यवधान) मेरे ख्याल से सार्स तो उधर है, आपके साथ थे। अगर आपको लग गया तो उस जगह बैठना मुश्किल हो जाएगा।

नागर विमानन मंत्री (श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन) : उनको नहीं लगेगा, आपको लगेगा।

श्री राज बब्बर : मुझे नहीं लगा है, तभी मैं कह रहा हूं कि आपके साथ थे बहुत दिनों तक इसलिए अगर लग गया तो हम इलाज कराएंगे। कपड़ा रख कर कराएंगे और जो मास्क बनेगा वह भी कपड़े का बनेगा। मेरी आपसे विनती है कि आप कपड़े से वैट हटा दें। कपड़ा जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे देश के व्यापारी जो कपड़ा बेचने वाले हैं, खासकर उत्तर प्रदेश के, वे सब बर्बाद हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश में कपड़े की छोटी-छोटी मंडियां हैं, जैसे आगरा में है, कानपुर में है। यहां पर कपड़े का व्यापारी दुकान पर बैठकर कपड़ा नहीं बेचता। रोजगार की बात की जाती है, इस देश में 40 करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। उनको काम नहीं मिलता, तो उनमें से बहुत से लोग सुबह साइकल पर सवार होकर अपने दोस्तों से या परिजनों से 200-300 रुपए मांगकर कपड़ा लेकर 20-30 किलोमीटर तक के गांवों में जाकर कपड़ा बेच कर वापस आते हैं। आपने उन पर भी वैट लगा दिया है। अगर कपड़े पर वैट लगा दिया तो ये छोटे व्यापारी कैसे अपना निर्वाह करेंगे। अगर आपको कपड़े पर वैट लगाना ही है तो जहां से कपड़ा निकलता है, वहां ड्यूटी लगाइए, बढ़ा कर लगाइए और अपनी वसूली बराबर करें, लेकिन कम से कम आम व्यापारी और आम आदमी के ऊपर इस तरह से तलवार न चलाएं।

मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करता हूं, उनके विवेक पर, ज्ञान पर, देश प्रेम पर किसी को कोई शक नहीं है, मैं विनती करता हूं कि यह कोई पार्टी का मामला नहीं है, यह हम सब लोगों का मामला है। जिन लोगों ने हमें चुनकर यहां भेजा है, उनके प्रति हमारा फर्ज बनता है कि हम उनकी तकलीफों को यहां रखें और उनका समाधान करें।

अभी सांगटम जी बोल रहे थे, मेरे पास भी कई रिप्रजेंटेशन आए हैं और मैं भी बहुत से लोगों से मिला हूं। नार्थ-ईस्ट के लिए इंडस्ट्रियल पालिसी की गोहाटी में मांग की गई है। मैं बताना चाहता हूं कि गोहाटी का अर्थ क्या है। गो का अर्थ है सुपाड़ी और हाट का अर्थ है बाजार।

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती विजया चक्रवर्ती) : हाट का मतलब है रोड।

श्री राज बब्बर : आपने रोड कहा है, तो मैं अपने को सुधार लेता हूं, क्योंकि मैं वहां पढ़ा नहीं हूं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी) : आप अपने भााण में डायरेक्टर और प्रोड्यूसर को साथ लेकर आएं।

श्री राज बब्बर : आप मेरे डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बन जाएं, तो मेरी बात आप लोगों तक पहुंच जाएगी।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY: Sir, his director, hon. Mulayam Singh Yadav is not here and his producer, hon. Amar Singh is also not here, but he is doing a good job!

श्री राज बब्बर : चूंकि अमर सिंह जी इस सदन के सदस्य नहीं हैं इसलिए उनका नाम लेना उचित नहीं है। मुलायम सिंह जी इतने बड़े नेता हैं, मुझे लगता है कि आपके द्वारा उनके बारे में बोलना थोड़ा अच्छा नहीं लगता।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Raj Babbar, now you will have to address the Chair. There is no time and we cannot indulge in such things.

श्री राज बब्बर : जहां तक सुपाड़ी की बात है, मैं बताना चाहता हूं इंडस्ट्रियल पालिसी 1996 में नार्थ-ईस्ट के लिए बनी। उस समय के प्रधान मंत्री जी वहां गए। वहां जाकर उन्होंने एक पैकेज की घोाणा की। 1997 में दूसरे प्रधान मंत्री जी वहां गए। उन्होंने इसको फार्मूलेट किया, योजना आयोग में डिसकस हुआ, फाइनेंस ि वभाग में भी विचार-विमर्श हुआ। उसके बाद फार्मूलेट करके वे इसको छोड़ कर चले गए। उसके बाद 8 जुलाई, 1998 को, तब शायद केयर टेकर गवर्नमेंट थी, प्रधान मंत्री जी वहां जाते हैं और नार्थ-ईस्ट के लिए पालिसी की घोाणा करते हैं। आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी, जिनकी भााा, जिनके बारे में कहा जाता है कि सरस्वती उनके कंठ में है।

जब वे बोलते हैं, तो वचन पूरे के पूरे सिद्ध होते हैं। बचपन में मुझे याद है, जब सुनते थे कि वे चुनाव प्रचार में कहीं बोलने के लिए पधार रहे हैं, तो निक्कर पहनकर सुनने के लिए जाया करते थे। उनके वचन पर मुझे आज भी यकीन है। जहां तक इस पालिसी की बात है, 1999 में चुनाव के बाद दिसम्बर महीने में इस पालिसी को उठा लिया जाता है। फिर 17 जनवरी, 2000 को उसे दोबारा लागू कर दिया जाता है। उसके बाद एक मार्च को फिर मेघालय में लागू कर दिया जाता है। 21 जुलाई, 2000 को मिजोरम में लागू कर दिया जाता है। 28 अगस्त, 2000 को नागालैंड में लागू कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, 9 नवम्बर, 2000 को मणिपुर में लागू कर दिया जाता है। अचानक पता नहीं फिर क्या होता है, उस पालिसी को दोबारा उठा लिया जाता है। मैं कहता हूं, अगर किसी ने पालिसी का सही तरीके से उपयोग नहीं किया है, सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया है, तो उसे सज़ा-ए-मौत दी जाए। इस देश के किसानों के लिए, इस देश के नौजवानों के अगर कोई पालिसी बनती है और कोई उसका दुरुपयोग करता है, तो उसको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जिन लोगों ने पालिसी का दुरुपयोग नही किया है, वे कोर्ट में जाते हैं, तो कोर्ट निर्णय लेता है कि इन्डस्ट्रियल पालिसी वापिस नहीं ली जा सकती है। लेकिन इस विधेयक में कहा जा रहा है कि इस पालिसी को रिट्रोस्पैक्टिवली वापिस ले रहे हैं। मेरी आपसे विनती है, अगर आप चाहते हैं कि इन्सरजैंसी को खत्म किया जाए, तो इस तरह के कदम नहीं उठाये जाने चाहिए। किसानों को सुपारी का मूल्य अगर सही मिल रहा है, मेघालय के अन्दर अगर चूने का सही मूल्य मिल रहा है, फिर यह सदन यानि यह सरकार उस सहूलियत को उठा लेती है, तो उसका सीधा मतलब होगा कि कल किसान बन्दूक उठाएगा। नौजवान जो पहले से ही बन्दूक उठाना चाहता था, उसको थोड़ी राहत मिली थी, ऐसा होने पर वह दोबारा वापिस अपने रोल में आ जाएगा। इसलिए मैं सदन के माध्यम से दरख्वास्त करूंगा कि सरकार द्वारा जो पालिसी बनाई गई है, प्राण जाय पर वचन न जाए, वह लागू होनी चाहिए। अभी हाल ही में काश्मीर में आप एक पालिसी देकर आए हैं, अगर इस तरह से पोलिसी वापिस ली जाएगी, तो उन पर कोई विश्वास नहीं करेगा। यह प्रधान मंत्री जी का स वाल नहीं है, बल्कि सरकार द्वारा किए गए फैसलों का सवाल है और उन फैसलों का सम्मान होना चाहिए। जिन लोगों ने इसका दुरुपयोग किया है, उनको सजा न देकर कहा जा रहा है कि हम माफी चाहते हैं। गुनाह दाड़ी वाले ने किया है, लेकिन सजा मूंछ वाले को दी जा रही है। मेरे ख्याल से यह नहीं होना चाहिए। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर दाढ़ी वाले नें गुनाह किया है, तो सजा दाढ़ी वाले को दी जानी चाहिए। मूंछ वाले ने किया है, तो मूंछ वाले को दी जानी चाहिए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आपके पास दोनों में से कोई नहीं है।

श्री राज बब्बर : मैंने गुनाह नहीं किया है, इसलिए मैंने नाम ही नहीं लिया।

उपाध्यक्ष महोदय : बगैर दाढ़ी-मूछ हो, तो?

श्री राज बब्बर : मैं कुछ नहीं कहूंगा, लेकिन पीछे से कह रहे हैं, मेरे से बड़े हैं, उनके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता हूं।

महोदय, मैं फिल्म उद्योग के बारे में बोलने से पहले एक बात किसानों के बारे में कहना चाहता हूं। फिल्म उद्योग के बारे में बोलना मेरा फर्ज बनता है, लेकिन मैं किसानों के बारे में बोलना चाहता हूं। किसान दिन-रात खेत में मेहनत करता हूं। इस बार आलू की बम्पर क्राप हुई है, लेकिन उसको उसका मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान दिन-रात मेहनत करके फसल पैदा कर सकता है और सरकार द्वारा कहा जा रहा है कि एक हफ्ते के अन्दर कोई निर्णय हो जाएगा। जब कोई निर्णय नहीं होता है, तो किसान आत्म-हत्या करने पर मजबूर हो जाता है। यह समस्या केवल उत्तर प्रदेश की ही नहीं है। माननीय प्रधान मंत्री जी से गन्ने के बारे में बात करने के लिए उत्तर प्रदेश से कुछ लोग आ रहे हैं, लेकिन गन्ना केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं है, बल्कि सारे महाराट्र, बिहार और देश के अन्य राज्यों में भी गन्ने का उत्पादन होता है। गन्ने के समान आलू भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन आलू उत्पादन से मल्टीनेशनल कमाई कर रहा है और हमारे देश का गरीब किसान आत्महत्या कर रहा है।

मैं आखिर में सिनेमा के बारे में बात कहना चाहूंगा। मैं जानता हूं कि आपके द्वारा उठाए कदम से सिनेमा जगत को राहत मिली है क्योंकि आपकी सरकार ने उसे राहत पहुंचायी, उसके लिए साधुवाद। आपने उसे इंडस्ट्री डिक्लेयर किया, लेकिन कहीं कोई इंडस्ट्री डिक्लेयर करते हैं तो उसे सभी सुविधाएं भी देते हैं। आपने इस बात को माना कि 40 साल तक इसे इंडस्ट्री डिक्लेयर नहीं किया। बैकवर्ड होने के कारण आप उसे इंडस्ट्री डिक्लेयर करते हैं। यदि वह इंडस्ट्री बैकवर्ड है तो उसके फलने-फूलने के लिए कुछ नॉम्स होने चाहिए। उसके लिए क्या-क्या चाहिए, क्या इनसैंटिव्स मिलने चाहिए, वे देने चाहिए। उनसे कहिए कि वे अच्छी कहानी लेकर आएं। यदि किसी अच्छी कहानी में कोई एक्टर काम करता है तो उससे टैक्स वसूल नहीं करिए। â€¦ (व्यवधान) फिल्म इंडस्ट्री को केवल इंडस्ट्री का दर्जा देने से वह इंडस्ट्री नहीं बन जाती है बल्कि बैकवर्ड इंडस्ट्री को ठीक तरीके से रिकॉग्नाइज्ड करके सहूलियत दीजिए क्योंकि आज जिस तरह से मल्टीनेशनल का कला के ऊपर असर पड़ रहा है, शिकंजा हो रहा है, उस शिकंजे को देश का सदन गम्भीरता से ले।

मैं एक बार फिर कहूंगा कि आदरणीय वित्त मंत्री जी बहुत विवेकशील हैं। मैंने उनके बारे में एक चीज देखी है। मैंने जब भी आपसे बात की, आपने कभी ऐसा अहसास नहीं कराया कि मैं किसी विरोध पक्ष या विरोधी पार्टी का आदमी हूं। आपने मुझ से हमेशा छोटा होने के नाते आशीर्वाद देकर बात की। मैं इस वक्त बोल रहा हूं लेकिन यकीन मानिए कि यह आवाज आपके आगे-पीछे बहुत सारे लोगों की है। मैं जो कुछ बोल रहा हूं, शायद हो सकता है वह यहां न बोली जाए लेकिन हो सकता है पार्टी मीटिंग या दूसरी किसी जगह बोली होगी। इसलिए उन सब की और मेरी आवाज को सुन कर आप इनमें जरूर संशोधन करें, मेरी यही प्रार्थना है। अंत में मैं इस बिल का विरोध करता हूं।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY: Sir, out of all the film actors who have spoken, he has made the best speech. The Chair and we all should appreciate that fact.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That is why, he has got a little more extra time to speak.

SHRI TRILOCHAN KANUNGO (JAGATSINGHPUR): After Shri Raj Babbar, I have been called to participate in this debate. I am neither a '*neta*' nor an '*abhineta*'. I wish to quote Kazi Nazrul Islam:

"*Judge, Magistrate tarai sabe,*

Laat Bad laat tarai hobe,

Amra sudhu Chaser Malik,

Grass er Malik noi,

E desh, E desh bolcho karey,

E desh toder noi; "

I belong to that class class of 'Chasi' ; I am neither a '*neta*' nor an '*abhineta*'.

15.13 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

Mr. Chairman, Sir, I stand here to support the Finance Bill, 2003, as a partner of the NDA.

I will only touch upon one aspect of the financial policy of the Government of India enshrined in Finance Minister's speech and CST and the additional excise duty contained in the Finance Bill. This aspect is the first aspect, as mentioned by our hon. Finance Minister in para 130, page 23, in his Budget Speech. This is the first aspect. He says that this year, that means, 2003-04, will be historic with the States switching over to Value Added Tax. The Central Government has been a partner with the States in the highest tradition of cooperative federalism in this path-breaking reform.

Sir, I only wish to touch upon VAT. I will not speak on anything other than that. I have some doubts and apprehensions. I am sure, the hon. Finance Minister will try to dispel those doubts and apprehensions. I have some queries regarding VAT and, I am sure, the Finance Minister will address those queries.

They say that VAT is being implemented in 125 countries of the world, though the Finance Minister has mentioned in his statement that it is practised in 120 countries. Four of our neighbouring countries − xxxxBangladesh, Nepal,

Pakistan and Sri Lanka are practising VAT. Those countries introduced VAT seven to eight years back. I would like to know from the hon. Minister whether any in-depth study has been made on implementation of VAT in those 125 countries, or at least in the four neighbouring countries. Has it been studied as to what has been their experience with VAT, to what extent has it been successful and to what extent it has failed, etc.? If so, the House may please be apprised of the findings of that study. It is then that the House will be convinced that if it has succeeded in those countries, we might as well implement it in our country.

Secondly, is excise duty − that is the production tax − imposed in those 125 countries as also the four adjoining countries? Thirdly, which of the federal countries, leaving Pakistan, among those 125 countries have introduced Value Added Tax in their States? What has been their experience? What was the result? That information should also be given to this House. Two major federal countries − the United States and Canada − have not introduced VAT in their countries. They have gone in for Retail Sales Tax (RST) and Business Turnover Tax (BTT). Are these not better than VAT? The Minister may explain that also to the House.

My next point is a more important one. The Finance Minister should convince this House, whether he is sanguine, that the revenue earned in the States would be higher after the introduction of VAT. Looking at the complexity of the procedures involved - despite the fact that the Finance Ministry thinks that it would be very simple − would it not breed more harassment and corruption, and lead to consequential loss of revenue?

Shall not VAT cause steep hike in prices since it is a multi-point tax? You know that in 1970s, following the recommendations of the Bhoothalingam Committee, a multi-point tax was introduced in Andhra Pradesh. It was proved disastrous both for the consumers and for the traders. Therefore, since VAT is a multi-point tax, would it not result in a steep rise in prices? The Finance Minister may explain that to the House.

When VAT comes into operation, would turnover tax, entry tax, octroi, surcharge, etc., be done away with? If so, what would be its revenue implication to the States? That should also be explained to the House. If things go negative,

the States will go from bad to worse. From frying pan they will fall into the fire. What are the immediate and long-term effects of VAT on the revenues of States?

VAT is a presumptive tax. The success of VAT depends upon certain presumptions.

One has to presume only. It is on the presumption that if proper and perfect information system is available or at least, it would be available very shortly. Vat would be successful. But without proper and perfect information system, VAT will lead the market to chaos. That is what I have thought about it. So, this doubt has to be dispelled by the hon. Finance Minister.

Sir, given the Indian conditions, so far as VAT is concerned, we suffer from certain things. The House knows and those who are dealing with taxes know that we are suffering from lack of conceptual clarity on VAT. Ninety-nine percent of the people, I am sure, have no conceptual clarity onVAT. There is absence of inter-State and Centre-State coordination. Most of the States − if not all -- have not made adequate preparation. They have not developed the ability to implement more difficult measures. So, this doubt has to be dispelled by the hon. Minister in his reply. If he would go ahead with its implementation in a hurry or haste, it would only be an introduction of inferior variants of VAT. That has to be explained by the hon. Finance Minister.

Sir, before preparing the soil, if one wants to sow or transplant, the result would be disastrous. He will not get the harvest, he will not get even the seed which he has sown. So, likewise, adequate steps at the State and district level in most of the States are desirable to be taken to address the issues of structure, operation, law, administration, enforcement and transition to the new system. All these things have to be studied in greater details at the State and district level. Otherwise, they will not be able to implement VAT properly.

MR. CHAIRMAN : Shri Trilochan Kanungo, please conclude now.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, please grant him some more time. He is making very important points, and he is the only Member from our Party to speak on this debate.

SHRI TRILOCHAN KANUNGO : Within a few minutes, I am concluding, Sir.

In this regard, a few conclaves of States' Finance Ministers were held in New Delhi. But it is not sufficient. My point is that adequate training of officers and ground level officials is necessary before you launch VAT in all the States. Training is very much necessary at the State and district level. It is not my view only. It is the view of the experts.

Sir, one of the eminent experts and an outstanding scholar on public finance, Prof. Govind Rao, whom the Government of India is consulting every now and then, has also very aptly and correctly said:

"The past experience in Maharashtra and elsewhere has shown that half-baked reforms in the name of VAT have done more harm than good in evolving a tax system required to meet the challenges of a more open and competitive environment."

This is the view of an outstanding expert, Prof. Govind Rao of National Institute of Public Finance and Policy whom the Government of India is consulting every now and then.

Therefore, Sir, so far as VAT is concerned, my request to the hon. Finance Minister would be to kindly wait up to April, 2004. In this House, previously, it was told by the hon. Finance Minister that VAT would be implemented from 1st April, 2002; and then it was told that it would be implemented from 1st April, 2003, but it could not be done. Now, 16 States, including Orissa, out of 28 States, have agreed to implement VAT from 1st June. But I do not know what will they do. Therefore, I am appealing to the hon. Minister to please not be in a hurry or haste. Wait up to April, 2004, and, in the meanwhile, ask the States to go in greater details to do daily exercise at the ground level and get themselves ready for the reform the process and result.

All the Finance Ministers in the States are not like Prof. Asim Dasgupta. Prof. Asim Dasgupta, as a Professor has conceptual clarity, though he has not much of information on all these questions.

My point is that please do not be in a hurry. You are a national leader. You are a statesman. Everybody has faith in you. Do not be in a hurry. You ask the States to prepare the ground level so far as VAT is concerned. This is regarding VAT.

Central Sales Tax is connected with VAT. Central Sales Tax was created later, after the Constitution was enacted. In 1956, not only article 269 but article 286 was also amended to bring in the Central Sales Tax. Entry 92A of the Union List has been incorporated for Central Sales Tax, and Entry 54 of the State List has been amended.

MR. CHAIRMAN : Please conclude. There are still 19 Members who want to speak.

SHRI TRILOCHAN KANUNGO : Mr. Chairman, Sir, I would request you to give me three or four minutes more. I will not ask you more than that.

Sir, I am telling only about the Central Sales Tax because the Finance Minister has referred...(*Interruptions*)

सभापति महोदय: बहुत से माननीय सदस्य पार्टिसिपेट करना चाहते हैं इसलिए समय का ध्यान रखते हुए आप संक्षेप में अपनी बात कनक्लूड कीजिए।

SHRI TRILOCHAN KANUNGO : Sir, if my request fails here with the chair the country's request with the Finance Minister will also fail. If it fails with the hon. Chairman, then there also it will fail.

Sir, what is Central Sales Tax? The Central Sales Tax was introduced in 1957. What for? It was introduced in 1957. After amending the Constitution, the Central Sales Tax Act was enacted. It was created to trace and identify the intere state transactions with one per cent tax, But, in the long run, at stages, it was raised to four per cent, and it became a revenue earning mechanism , a revenue earning vehicle for the prosperous States. Now, I am again quoting the hon. Minister. To what extent has this levy of Sales Tax harmed you − the Chairman and me? You are from Bihar and I am from Orissa. To what extent has it harmed us? "The levy on Central Sales Tax creates severe impediments to internal trade and market segmentation, spill over of input and output taxes with unintended consequences on relative price configuration and inequitable research transfers with richer and prosperous States, collecting significant amount of taxes from the consumers in poorer States like Bihar and Orissa". "The levy of Central Sales Tax not only leads to distortions, but also has adverse inter-regional equity implications. In the pricing situation, the taxes are shifted forward and the consumers in poorer States pay taxes to richer producing States." I am not elaborating as to how CST has come down to this level. Do you know the CST of four high income States like Gujarat, Harayana, Maharashtra and Punjab with 23 per cent population, Gross States' Domestic Product (GSDP) is 29 per cent, consumption share is 23 per cent, sales tax share is 29 per cent to 30 per cent, and CST is 43 per cent.

The five low income States are Bihar, Madhya Pradesh, Rajasthan, U.P. and Orissa. That is, not just BIMARU, but BIMARU plus 'O', that is, Orissa. The population of Orissa is 46 per cent and the CST is 18 per cent; the high income states' population is 23 per cent and the CST is 43 per cent. This is our fate after the introduction of CST. It has to be done away with. So, my request is this. Why to reduce it to only two per cent and why not to do away with it immediately? The entire CST should be done away with in the interest of the larger and poorer population of this country.

So far as Orissa is concerned, do you know that the population of Orissa is four per cent of the population of this country and the share of CST is only 0.56 per cent? This is the fate of the poorer States. Please look at the poorer

States and then formulate the policies and formulate the laws. That is my request.

Similarly, additional excise duty has been mentioned in the Finance Bill. It is a good thing because additional excise duty will be transferred to the States. Sales Tax on sugar, Textiles and Tabacco were taken over by centre in 1957 on consensus. Yes, States can reimpose taxes on sugar, tobacco and textiles now. But please do not put a ceiling that it would be only four per cent. Please allow the States to have freedom; please give the States full freedom to impose taxes on sugar, tobacco and textiles. Then only we will do justice to the poorer States and then only we will do justice to the people of India.

I am not speaking these things in my personal interest, I am speaking these things in public interest. I am not speaking these things for class interest, but I am speaking these things in mass interest. I am also not speaking these things for political considerations, but I am speaking these things in the interest of the poorer States.

श्रीमती निवेदिता माने (इचलकरंजी) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन और देश का ध्यान पावरलूम उद्योग की ओर आर्काति करना चाहती हूं। वर्तमान में देश में 17 लाख पावरलूम हैं जिनमें 9 लाख, अर्थात्, 50 प्रतिशत से अधिक महाराट्र में हैं। इनमें से ज्यादातर मेरे संसदीय क्षेत्र इचलकरंजी में हैं। एक पावरलूम में कम से कम पांच लोगों को रोजगार मिलता है। कृाि के बाद पावरलूम उद्योग देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला उद्योग है, किन्तु सरकार की उदासीनता और मूल्य संवर्धित कर प्रणाली, वैट के लागू होने के कारण पावरलूम उद्योग संकट में आ गया है जिसका सीधा प्रभाव देश के 2 करोड़ 14 लाख कामगारों पर पड़ने वाला है। सैनवेट के माध्यम से 10 प्रतिशत और वैट के माध्यम से 4 प्रतिशत कर पावरलूम उद्योग पर लगेगा, अर्थात् पावरलूम उद्योग पर 14 प्रतिशत अतिरिक्त कर का भार पड़ेगा जो पावरलूम उद्योग को तबाही के कगार पर ले जाएगा तथा इन दोनों के लागू होने से इंस्पैक्टर राज हो जाएगा। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री और सरकार से यह मांग करता हूं कि उपर्युक्त अतिरिक्त कर बढ़ाने पर पुनर्विचार किया जाए और महाराट्र में पावरलूम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए शीघ्रातिशीघ्र केन्द्रीय सहायता दी जाए। इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करते हुए आपका धन्यवाद करती हूं।

श्री किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : माननीय सभापति महोदय, फायनेंस बिल पर हम चर्चा कर रहे हैं। इससे पहले हमने जनरल बजट पर भी काफी चर्चा की थी।

दो मिनिस्ट्री की दो-तीन डिमांड्स पर चर्चा की। मैं विभिन्न विरोधी पक्ष के नेताओं की बात सुन रहा था। यहां विाय आ रहा था कि इस बजट में यह त्रुटि है, वह त्रुटि है। सभी को कुछ न कुछ गलतियां नजर आ रही थीं।

सभापति महोदय, मुझे इस बारे में एक किस्सा याद आ रहा है - एक नौजवान किसी आंख के डाक्टर के पास गया और कहा कि मेरी आंख और सिर में बहुत दर्द हो रहा है। आंख में से पानी आ रहा है। डाक्टर ने उसे चैक किया और कहा कि मैं देखता हूं कि आपकी आंख का नम्बर ठीक है या नहीं। तुम्हारे चश्मे का नम्बर क्या है, मैं देखता हूं। वह फ्रेम लगा कर एक के बाद एक लैंस बदलने लगा और कहने लगा कि क्या आप पढ़ सकते हो कि इसमें क्या लिखा है। वह एक के बाद एक लैंस बदल रहा था, लेकिन वह नौजवान कुछ जवाब नहीं दे पा रहा था। डाक्टर को लगा कि इसका नम्बर और ज्यादा है, इसलिए वह लैंस का नम्बर बढ़ाता गया। आखिर में डाक्टर थक गया। When the doctor was about to give up, the young man revealed, "I have not learnt how to read and write". जब डाक्टर थक गया तो उस नौजवान ने कहा कि डाक्टर साहब मुझे पढ़ना-लिखना नहीं आता। मुझे ऐसा लगता है कि इस बजट के बारे में माननीय ि वरोधी पक्ष के नेता और हमारे सभी सांसद, जिस प्रकार की टीका-टिप्पणी और त्रुटियां निकाल रहे हैं, इस बजट को किस दृटिकोण से पोजिटिव वे में देखना चाहिए, वैसा नहीं देख रहे हैं। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप इतनी टेंशन मत कीजिए, क्योंकि इन्हें देखना ही नहीं आता।â€¦ (व्यवधान) देखने के लिए दृटि होनी चाहिए।

